**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
27 जुलाई 2024, समय 1810

- केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि आम बजट में घोषित प्रशिक्षण योजना 4 करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिन में 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- केंद्र सरकार कुरुक्षेत्र के रामनगर स्तिथ देश के एकमात्र एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास क्रेंद्र के उन्नयन के लिए 2 करोड़ रूपये का बजट जारी करेगी।
- हरियाणा के कृषि मंत्री कँवर पाल ने यमुनानगर जिले के गावं किशनपुरा में करीब 2 करोड़,78 लाख रूपये के विकास कार्यो का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
- पंचकूला के भौंडसी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण लेने के बाद 978 प्रशिक्षु सिपाही हरियाणा पुलिस में शामिल हुए।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि हाल ही में पेश हुए आम बजट में घोषित प्रशिक्षण योजना पांच साल से अधिक के कार्यकाल में चार करोड से अधिक युवाओं को कौशल विकास और अन्य अवसर प्रदान करेगी। मीडिया से बातचीत में श्री मांडविया ने कहा कि सरकार पांच वर्ष के दौरान 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिलायेगी। एक साल की प्रशिक्षण अवधि के दौरान युवाओं को एकमुश्त छह हजार रूपये के साथ- साथ पांच हजार रूपये प्रतिमाह दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि शीर्ष कंपनियों में प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव से युवाओं में कौशल और रोजगार क्षमता में सुधार होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन में 11 बजे आकाशवाणी के "मन की बात" कार्यक्रम के माध्यम से देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 112 कडी है। श्री मोदी के लगतार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दूसरी कडी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप newsonair पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के अलावा दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर इस कार्यकर्म का सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम सभी क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा है कि कुरुक्षेत्र के रामनगर में देश के एकमात्र एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केन्द्र का उन्नयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस केंद्र के उन्नयन के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से 2 करोड़ रुपए का बजट जारी किया जाएगा। राज्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र से कुरुक्षेत्र ही नहीं बल्कि हरियाणा और आस-पास के राज्यों के मधुमक्खी पालक किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगा। इस एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केन्द्र की स्थापना इजराइल परियोजना के तहत वर्ष 2017 में की गई थी।

---

हरियाणा के राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने आज कुरुक्षेत्र के गांव बारना, किरमच कुवांरखेड़ी, अमीन, हथीरा फतुहपुर, बीड अमीन और तिगरी खालसा में 12 करोड़रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का उदघाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान सभी गांव में राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

पलवल जिले में होडल के गांव भिडूकी में विधायक जगदीश नायर ने डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कार्यों का शिलान्यास और गांव खिरबी से उत्तर प्रदेश के हताना तक 5 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से बनाए गए पुल तथा रेगुलेटर का उद्घाटन किया।श्री नायर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुल चार माह में बनकर तैयार हो गया है, इससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सिंचाई विभाग की ओर से बनाए गए इस पुल से हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लोगों को फायदा होगा । उन्होंने कहा कि रेगुलेटर के बनने से इलाके के किसानों को बहुत बड़ा फायदा और पर्याप्त मात्रा में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।विधायक ने कहा कि गांव भिडूकी में 97 लाख 72 हजार रुपए की लागत से गांव के प्राचीन मंदिर बाबा सिद्ध कुंड का सौंदर्यकरण तथा 36 लाख 29 हजार रुपए की लागत से गांव की फिरनी और 5 लाख रूपए की लागत से गांव की गलियों का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने आज यमुनानगर जिला के गांव किशनपुरा में करीब 2 करोड़ 78 लाख रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया ।इस अवसर पर उन्होंने पोंटा साहिब सड़क से किशनपुरा गांव तक डेढ़ किलोमीटर लंबी 95 लाख 26 हजार रूपये की लागत में बनी सडक़ व 8 लाख रुपए की लागत से बने आंगनबाड़ी भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने एक करोड़ 40 लाख रुपए से बनने वाले बारात घर **सद्भावना मंडप** और किशनपुरा से गांव कडक़ोली तक 34 लाख 88 हजार रुपये से बनने वाले पक्के रास्ते का भी शिलान्यास किया।कृषि मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल पहले जितने कार्य पूर्व की सरकार के कार्यकाल में हुए, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उससे 10 गुना ज्यादा हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकारी नौकरी बिना पर्ची खर्ची के योग्यता के आधार पर मिल रही है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली ने आज 47 बुजुर्ग तीर्थयात्रियों की बस को झंडी दिखाकर सोनीपत से अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का अन्य प्रदेश भी अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को पौराणिक मान्यता वाले हजारों साल पुराने धार्मिक स्थलों की यात्रा करने का अवसर प्रदान किया है ।

पंचकूला में भौंडसी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में आज 978 प्रशिक्षु सिपाही देश सेवा की शपथ लेने के बाद हरियाणा पुलिस में शामिल हो गये । दीक्षांत समारोह में आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका मुख्य

अतिथि के तौर पर शामिल हुए और परेड की सलामी ली । समारोह में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।समारोह में "साइबर क्राईम स्वच्छता एवं जागरूकता और शिष्टाचार" नामक किताबचे का विमोचन भी किया गया।आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षु सिपाही बधाई के पात्र हैं जिन्होंने अत्यंत चुनौती पूर्ण पुलिस सेवा को अपने जीवन यापन का जरिया बनाया है और अपना प्रशिक्षण कुशलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि पुलिस की नौकरी एक व्यवस्था न होकर जनसेवा है, आपकी वास्तविक परीक्षा अब शुरू होगी और मुझे उम्मीद है कि आप पूर्ण जज्बे के साथ अपने दायित्वों को निभाएगें।इस अवसर पर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक, हरियाणा शत्रुजीत कपूर ने बताया कि इस बैच में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 978 जवानों में से 303 जवान स्नातकोत्तर तथा 646 जवान स्नातक है।

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय ने आज संबद्ध महाविद्यालयों के BSC मेडिकल,नॉन मेडिकल व BSC कंप्यूटर साइंस के छठे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित करदिए । जिसमें पानीपत के आर्य कॉलेज की BSC नॉन मेडिकल की छात्रा वंशिका ने पहला व BSC कंप्यूटर साइंस की छात्रा निम्मी ने दूसरा स्थान हासिल किया।आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि BSC नॉन मेडिकल की छात्रा वंशिका ने 2711 अंक लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की शीर्ष दस की सूची में पहला स्थान हासिल किया। वहीं BSC कंप्यूटर साइंस की छात्रा निम्मी ने 2591 अंक लेकर शीर्ष दस की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया ।उन्होंने बताया कि BSC मेडिकल की छात्रा ख़ुशबू अग्रवाल ने 2510 अंक लेकर सूची में आठवाँ स्थान हासिल किया।

................................................................................

................................................................................

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री बिशम्बर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय परिवारों के उत्थान के लिए नई-नई कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। वह आज भिवानी जिला के बवानीखेड़ा में पात्र व्यक्तियों को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत हैप्पी कार्ड भेंट कर रहे थे।कार्यक्रम के दौरान रोड़वेज के महा प्रबंधक दीपक कुंडू ने बताया कि जिले में 56 हजार 538 लोगों के हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से करीब साढ़े 32 हजार कार्ड दिए जा चुके हैं, शेष की प्रक्रिया जारी है।

................................................................................

................................................................................

अंबाला में डाक विभाग द्वारा गंगाजल के स्टॉल लगाए जाएंगे और श्रद्धालुओं को 30 रुपए में गंगाजल की बोतल दी जाएगी। अंबाला डाकघर के वरिष्ठ डाकपाल राज कुमार ने बताया कि सावन महीने में शिव भक्तों की श्रद्धा को देखते हुए डाक विभाग ने गंगोत्री से गंगा जल मंगवाया है। उन्होंने बताया कि अंबाला के सभी बड़े डाक घरों में गंगाजल के स्टॉल लगाए गए है , शिवरात्रि से एक दिन पहले अंबाला के विभिन्न मंदिरों के बाहर भी गंगाजल के स्टॉल लगाए जाएंगे ।

................................................................................

................................................................................

अंबाला जिले में नारायणगढ़ के DAV विद्यालय में विद्यालय की 50वीं जयंती पर शैक्षणिक प्रदर्शनी और पुस्तक मेले का आयोजन  किया गया। पुस्तक मेले का शुभारंभ नारायगढ़ के उप मण्डल अधिकारी यश जालुका ने किया।